मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 23/12/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति --619/2025
23 दिसंबर 2025
झारखण्ड मंत्रालय, रांची
================

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने राज्य में स्थापित होने वाले पहले झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ़ हेल्थ साइंसेज को लेकर की समीक्षा बैठक

================

◆ मुख्यमंत्री ने मेडिकल यूनिवर्सिटी को जल्द से जल्द संचालित करने के लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूरा करने का दिया निर्देश

================

◆ मुख्यमंत्री ने कहा - राज्य की चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर तथा मजबूत बनाने के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध

================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में झारखंड स्वास्थ्य विज्ञान विश्वद्यालय अधिनियम, 2023 के अंतर्गत राज्य में स्थापित होने वाले झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ़ हेल्थ साइंसेज को लेकर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी, मुख्य सचिव श्री अविनाश कुमार एवं स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री अजय

कुमार सिंह के साथ अहम बैठक की। इस मौके पर उन्होंने मेडिकल यूनिवर्सिटी खोले जाने की दिशा में उठाए गए कदमों की समीक्षा करने के क्रम में कई अहम निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में संचालित होने वाला यह पहला मेडिकल यूनिवर्सिटी होगा। हमारी सरकार राज्य की चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर तथा मजबूत बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है । ऐसे में रांची जिला के बॉम्बे में स्थापित होने वाले यह मेडिकल यूनिवर्सिटी इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

नियमावली गठन के साथ फैकल्टी मेंबर्स की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द हो

मुख्यमंत्री ने झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ़ हेल्थ साइंसेज के नियमावली गठन और फैकल्टी मेंबर्स की नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू करने का निर्देश दिया, ताकि इसका संचालन यथाशीघ्र शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि नेशनल मेडिकल काउंसिल, (एनएमसी) के गाइडलाइन के अनुरूप इसकी सारी प्रक्रियाएं पूरी होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र में इस मेडिकल यूनिवर्सिटी को इस तरह विकसित करना है, जिससे मानव संसाधन, मेडिकल शोध के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सेवाओं को उन्नत तथा आधुनिक बना सकें।

===============

#Team PRD(CMO)